प्रदेश के नगरीय निकायों में 8 सदस्यों के रिक्त पदों पर उपचुनाव के लिए कार्यक्रम जारी

जयपुर, 06 दिसम्बर। राज्य निर्वाचन आयोग ने 31 अगस्त 2023 तक राज्य के नगरीय निकायों में विभिन्न कारणों से रिक्त हुए सदस्यों के 8 पदों पर उप चुनाव कराने का निर्णय किया है। आयोग ने इस सम्बन्ध में कार्यक्रम जारी कर दिया है।

तय कार्यक्रम अनुसार 26 दिसम्बर को लोक सूचना जारी होगी, 30 दिसम्बर प्रातः 10:30 बजे से अपराहन् 3:00 बजे तक नामांकन पत्र प्रस्तुत किए जा सकेंगे, जिनकी संवीक्षा 1 जनवरी 2024 प्रातः 10:30 बजे से होगी। अभ्यर्थिता 3 जनवरी 2024 अपराहन् 3:00 बजे तक वापस ली जा सकेगी, 4 जनवरी को चुनाव चिन्हों का आवंटन तथा 10 जनवरी को प्रातः 8:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक मतदान तथा 11 जनवरी को प्रातः 9:00 बजे से मतगणना तिथि निर्धारित की गई है।

अजमेर जिले की केकड़ी नगरपरिषद के वार्ड 9, नगरपरिषद बांसवाड़ा के वार्ड 9, बीकानेर जिले की नगरपालिका श्रीडूंगरगढ़ के वार्ड 3, दौसा जिले की नगरपालिका महवा के वार्ड 14, नगरपरिषद धौलपुर के वार्ड 51, नगरपरिषद कुचामनसिटी के वार्ड 7, पाली जिले की नगरपालिका तख्तगढ़ के वार्ड 17, सवाईमाधोपुर नगरपरिषद के वार्ड 5 हेतु यह उपचुनाव होंगे। उपचुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही सम्बन्धित निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है।